पोस्टल पंजी.: आई.आर./के.पी. सिटी-273/2018-2020 RNI : UPHIN/2014/55277 कानपुर से प्रकाशित

# स्वैच्छिक दुनिया

साप्ताहिक समाचार पत्र

कलम का नया आयाम.....

## नारी शिक्षा निकेतन पी0जी0 कालेज मे जी-20 सम्मेलन के तहत सड़क सुरक्षा माह

04 February 2023

स्वैच्छिक दुनिया ब्यूरो

स्वैच्छिक दुनिया ब्यूरो, लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पी0जी0 कालेज, लखनऊ में जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के परिपे्रक्ष्य मे सड़क सुरक्षा माह (05 जनवरी-04 फरवरी, 2023 तक) के अंतर्गत प्रबंधक श्रीमती पद्मिनी कृष्णा एवं प्राचार्या प्रो0 सपना वर्मा के संरक्षण में समापन किया गया। प्रो0 सपना वर्मा जी ने सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने को बताया।

Submit Research Papers for Peer-Reviewed & Refereed International Journals

**Asian Resonance**
Periodicity: Quarterly (January/April/July/October)
P-ISSN: 0976-0602
E-ISSN: 2349-9443
RNI No.: UPENG/2012/42622
Scientific Journal Impact Factor: 7.876
International Innovative Journal Impact Factor: 6.164
Global Impact Factor: 0.876
Indexed with Google Scholar & Directory of Open Access Scholarly Resources (ROAD)

**Periodic Research**
Periodicity: Quarterly (February/May/Aug./November)
P-ISSN: 2231-0045
E-ISSN: 2349-9435
RNI No.: UPBIL/2012/55438
Scientific Journal Impact Factor: 7.147
International Innovative Journal Impact Factor: 6.784
Indexed with Google Scholar & Directory of Open Access Scholarly Resources (ROAD)

**Shrinkhla**
Ek Shodhparak Vaicharik Patrika
Periodicity: Every Month
P-ISSN: 2321-290X
E-ISSN: 2349-980X
RNI No.: UPBIL/2013/55327
Scientific Journal Impact Factor: 6.740
Global Impact Factor 2015 (GIF): 0.543
International Innovative Journal Impact Factor: 6.038
Indexed with Google Scholar

**Remarking**
An Analisation
Periodicity: Every Month
P-ISSN: 2394-0344
E-ISSN: 2455-0817
RNI No.: UPBIL/2016/67980
Scientific Journal Impact Factor: 6.509
International Innovative Journal Impact Factor: 6.124
Global Impact Factor 2015: 0.543
Indexed with Google Scholar

**Innovation**
The Research Concept
Periodicity: Every Month
P-ISSN: 2456-5474
RNI No.: UPBIL/2016/68367
Scientific Journal Impact Factor: 6.122
International Innovative Journal Impact Factor: 4.112
Indexed with Google Scholar

**Anthology**
The Research
Periodicity: Every Month
P-ISSN: 2456-4397
RNI No.: UPBIL/2016/68067
Scientific Journal Impact Factor: 6.018
International Innovative Journal Impact Factor: 4.62
Indexed with Google Scholar

Social Research Foundation, Kanpur (SRF International) Contact us on : 9335332333, 8299881379

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी0सी0पी0 डॉ0 एस0 चिनप्पा जी ने सड़क सुरक्षा अभियान क्यों चलाया जाता है के बारे में जागरूक किया, उन्होंने बताया कि अनुशासन हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है। प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि डी0सी0पी0 डॉ0 एस0 चिनप्पा को स्मृति चिन्ह दिया गया तथा पूरे माह में होने वाली गतिविधियों में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया |कार्यक्रम का आयोजन मेजर रजिया परवीन और डॉ अंतिमा चौधरी के साथ रोड सेफ्टी क्लब मेम्बर मिस आकांक्षा वर्मा, डॉ नीरजा शुक्ला और श्री मती रिचा चंद के कुशल निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताओं के साथ 50 से अधिक छात्राओं की उत्साहजनक उपस्थिति रही।



# डिग्री कालेजों में जी 20 पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

जासं, लखनऊ : जी 20 के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी के डिग्री कालेजों में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'वसुधैव कुटुंबकम' थीम पर हुई इस प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर बढ़िया प्रस्तुति दी।

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कालेज में पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें महाविद्यालय की लगभग सभी छात्राओं एवं शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के लिए चुनी गईं छात्राएं पांच फरवरी को जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित व्यापक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। खुन-खुन जी गर्ल्स पीजी कालेज में जी-20 के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता की थीम "बसंत के रंग जी-20 के संग" थी। इसमें 150 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियांशी मौर्य को प्रथम, द्वितीय वर्ष की छात्रा उजमा कलीम को दूसरा और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति को तीसरा स्थान मिला।

**यहां भी हुई प्रतियोगिता** : जी 20 के अंतर्गत महिला विद्यालय डिग्री कालेज, डीएवी डिग्री कालेज, श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय अलीगंज और बीएसएनवी पीजी कालेज में शुक्रवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कालेज में जी-20 के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया • सौजन्य से कालेज



नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में जी-20 के अंतर्गत हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में 32 छात्राओं ने प्रतिभाग किया • सौजन्य से कालेज



श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जी 20 के प्रचार-प्रसार के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता हुई • सौजन्य कालेज

# सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज, लखनऊ में जी-20 के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा माह ( 05 जनवरी - 04 फरवरी, 2023 तक) का प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के संरक्षण में समापन किया गया। इस पूरे माह अलग-अलग गतिविधियों का संचालन करवाया गया , जैसे जागरूकता रैली , नुक्कड नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आदि । समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी ( वेस्ट ) डॉ एस चिनप्पा एवं सब इंस्पेक्टर श्री सुधाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो सपना वर्मा ने सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने एवं सीट बेल्ट लगाने पर प्रकाश डाला और ऐसा न करने पर दण्ड का प्रावधान है, ऐसा बताया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी डॉ एस चिनप्पा जी ने सड़क सुरक्षा अभियान क्यों चलाया जाता है, के बारे में जागरूक किया । उन्होंने बताया कि अनुशासन हमारे जीवन में किस प्रकार महत्वपूर्ण है। लापरवाही तथा जल्दबाजी में हमारी भावी पीढ़ी मृत्यु के संकट में चली जाती है । अतएव हमें ट्रैफिक - नियमों का पालन तथा कानून का अनुसरण करना चाहिये। अंत में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि डीसीपी( वेस्ट ) डॉ एस चिनप्पा एवं सब-इंस्पेक्टर श्री सुधाकर पांडे को स्मृति चिन्ह दिया गया। पूरे माह में होने वाली गतिविधियों में विजेता छात्राओं को डॉ एस. चिनप्पा द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किये गये । छात्राओ के नाम इस प्रकार है- निबंध प्रतियोगिता 1. प्रथम पुरस्कार-ऐमन, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर। 2. द्वितीय पुरस्कार- राफिया बानों, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर। 3. तृतीय पुरस्कार- मुसकान साहा, बीए, प्रथम सेमेस्टर। पोस्टर प्रतियोगिता- 1. प्रथम पुरस्कार- सृष्टि गुप्ता, बीए, प्रथम सेमेस्टर। 2. द्वितीय पुरस्कार- रोषनी खातून, बीए, पंचम सेमेस्टर। 3. तृतीय पुरस्कार- काषिष जैसवाल, बीए, प्रथम सेमेस्टर। स्लोगन प्रतियोगिता- 1. प्रथम पुरस्कार- सृष्टि गुप्ता, बीए, प्रथम सेमेस्टर 2. द्वितीय पुरस्कार- कृतिका जोषी, बीए, तृतीय सेमेस्टर 3. तृतीय पुरस्कार- षिवानी वर्मा, बीए, प्रथम सेमेस्टर। कार्यक्रम का समापन रोड सेफ्टी क्लब , एनएसएस एवं एनसीसी के सभी सदस्यों डॉ. रज़िया परवीन, डॉ. अंतिमा चौधरी, डॉ. नीरजा शुक्ला, सुश्री आकांक्षा वर्मा, श्रीमती रिचा चाँद के कुशल निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रिचा चाँद ने किया । इस अवसर पर डॉ. वंदना उप्रेती, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सुनीता, डॉ. इंदु कन्नौजिया, डॉ. दिव्या पाल, डॉ. सरिता श्रीवास्तव तथा 45 छात्रायें उपस्थित रहीं।

# डीसीपी ने किया सड़क सुरक्षा अभियान के लिए जागरूक

**लखनऊ।** दिनांक 04.02.2023 को नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज, लखनऊ में जी-20 के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा माह (05 जनवरी - 04 फरवरी, 2023 तक) का प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के संरक्षण में समापन किया गया। इस पूरे माह अलग-अलग गतिविधियों का संचालन करवाया गया, जैसे जागरूकता रैली, नुक्कड नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आदि। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी (वेस्ट) डॉ. एस. चिनप्पा एवं सब इंस्पेक्टर सुधाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने एवं सीट बेल्ट लगाने पर प्रकाश डाला और ऐसा न करने पर दण्ड का प्रावधान है, ऐसा बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी डॉ. एस. चिनप्पा जी ने सड़क सुरक्षा अभियान क्यों चलाया जाता है, के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनुशासन हमारे जीवन



में किस प्रकार महत्वपूर्ण है। लापरवाही तथा जल्दबाजी में हमारी भावी पीढ़ी मृत्यु के संकट में चली जाती है । अतएव हमें ट्रैफिक - नियमों का पालन तथा कानून का अनुसरण करना चाहिये। अंत में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि डीसीपी(वेस्ट)डॉ. एस. चिनप्पा एवं सब-इंस्पेक्टर श्री सुधाकर पांडे को स्मृति चिन्ह दिया गया। पूरे माह में होने वाली गतिविधियों में विजेता छात्राओं को डॉ एस. चिनप्पा द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। छात्राओ के नाम इस प्रकार है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-ऐमन, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार- राफिया बानों, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार- मुसकान साहा, बीए, प्रथम सेमेस्टर, पोस्टर प्रतियोगिता-

प्रथम पुरस्कार- सृष्टि गुप्ता, बीए, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार- रोषनी खातून, बीए, पंचम सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार- काषिष जैसवाल, बीए, प्रथम सेमेस्टर

स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- सृष्टि गुप्ता, बीए, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार- कृतिका जोषी, बीए, तृतीय सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार- षिवानी वर्मा, बीए, प्रथम सेमेस्टर। कार्यक्रम का समापन रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस एवं एनसीसी के सभी सदस्यों डॉ. रज़िया परवीन, डॉ. अंतिमा चौधरी, डॉ. नीरजा शुक्ला, सुश्री आकांक्षा वर्मा, श्रीमती रिचा चाँद के कुशल निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रिचा चाँद ने किया । इस अवसर पर डॉ. वंदना उप्रेती, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सुनीता, डॉ. इंदु कन्नौजिया, डॉ. दिव्या पाल, डॉ.सरिता श्रीवास्तव तथा 45 छात्रायें उपस्थित रहीं।

# जी-20 के तहत हुईं प्रतियोगिताएं

## लविवि में हुईं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** लविवि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जी-20 थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. पूनम टंडन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

डॉ. अल्का मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए। एनएसएस के समन्वयक प्रो. डॉ. रूपेश कुमार मौजूद रहे। वहीं विवि में यूपी सीएसटी और इंदिरा गांधी प्लानेटोरियम की ओर से एक सन वाचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्रों को टेलीस्कोप की मदद से सोलर साइकिल, सन स्पॉट और सोलर फ्लेयर्स को दिखाकर उसके बारे में जानकारी दी गई। साइंटिफिक अफसर सुमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

***भारत विविधताओं की संस्कृतियों का समागम : आनंद कुमार***

जी-20 के तहत शनिवार को लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विशेष सचिव आनंद कुमार ने कहा कि भारत आदिकाल से मानवीय सभ्यता का परिचायक है। जो सभी संस्कृतियों को अपनाते हुए उनका सम्मान करता है। इसीलिए भारत को विविधताओं की संस्कृतियों की समागम धरा कहा जाता है।

डॉ. कुमकुम धर, प्रतीक हीरा, हिना सिराज, राजेन्द्र प्रसाद ने विचार व्यक्त किए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, संयोजक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, आशुतोष उपाध्याय, प्रो. बीडी सिंह, प्रो. मधुरिमा लाल आदि मौजूद रहे।



एलयू में जी 20 के तहत प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत छात्र। -संवाद

## विशेषज्ञों ने समझाई जी 20 की बारीकियां

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विवि के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में शनिवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर आयोजित सूचना वार्ता में विशेषज्ञों ने जी-20 की बारीकियां समझाईं। कुलपति प्रो. डॉ. एके मित्तल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो एसएमके रिजवी, पूर्व डीजीपी डॉ. विक्रम सिंह, राजस्व विभाग के विशेष सचिव अनुराग पटेल, लखनऊ की रोजगार अधिकारी शशि तिवारी और प्रो. डॉ. प्रभास पाठक ने संबोधित किया।(संवाद)

## छात्राओं ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**लखनऊ।** नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में शनिवार को जी 20 के तहत सड़क सुरक्षा माह का समापन हुआ। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि इस दौरान छात्राओं ने जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि डीसीपी ( वेस्ट ) डॉ. एस चिनप्पा व सब इंस्पेक्टर सुधाकर पांडेय रहे। निबंध प्रतियोगिता में ऐमन प्रथम, राफिया बानो द्वितीय व मुस्कान साहा तृतीय रहीं। पोस्टर में सृष्टि गुप्ता प्रथम, रोशनी खातून द्वितीय व कशिश जायसवाल तृतीय रहीं। स्लोगन में सृष्टि गुप्ता प्रथम, कृतिका जोशी द्वितीय व शिवानी वर्मा तृतीय रहीं। (संवाद)

## सेमिनार का आयोजन

**लखनऊ।** अमीनाबाद स्थित महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज में शनिवार को जी 20 ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तहत भारतीय संस्कृति की विभिन्न विधाओं पर कार्यक्रम हुआ। नोडल अधिकारी इंद्रा शुक्ला ने बताया कि सेमिनार में नैंसी गुप्ता प्रथम, अमरीन इदरीशी द्वितीय व मनु तृतीय रहे। प्राचार्या निशा गुप्ता भी मौजूद रहीं। (संवाद)

# नारी कालेज में सड़क सुरक्षा माह का समापन



## डीसीपी वेस्ट ने विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नारी** शिक्षा निकेतन पीजी कालेज, लखनऊ में जी-20 के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा माह का प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के संरक्षण में समापन किया गया। इस पूरे माह अलग-अलग गतिविधियों का संचालन करवाया गया , जैसे जागरूकता रैली , नुक्कड़ नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आदि। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी ( वेस्ट ) डॉ. एस. चिनप्पा एवं सब इंस्पेक्टर सुधाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने एवं सीट बेल्ट लगाने पर प्रकाश डाला और ऐसा न करने पर दंड का प्रावधान है, ऐसा बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी चिनप्पा ने सड़क सुरक्षा अभियान क्यों चलाया जाता है, के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनुशासन हमारे जीवन में किस प्रकार महत्वपूर्ण है। लापरवाही तथा जल्दबाजी में हमारी भावी पीढ़ी मृत्यु के संकट में चली जाती है। अतएव हमें ट्रैफिक-नियमों का पालन तथा कानून का अनुसरण करना चाहिए।

अंत में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि चिनप्पा एवं पांडे को स्मृति चिन्ह दिया गया। पूरे माह में होने वाली गतिविधियों में विजेता छात्राओं को डॉ एस. चिनप्पा द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।